TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

21 जुलाई 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अनुभव एक महान शिक्षक है, इसलिए गलतियों

से डरो नहीं उनसे सीख लो ।

**महात्मा गांधी**



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# आनंद बख्शी का जन्म 21 जुलाई



आनंद बख्शी का जन्म 21 जुलाई 1930 को रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। 21 जुलाई 1930 को रावलपिंडी में जन्मे आनंद बख्शी गीतकार के साथ-साथ गायक भी बनना चाहते थे। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए वे 14 साल की उम्र में घर से भागकर बंबई आ गए। शुरुआत में मौका नहीं मिला तो जिंदगी चलाने के लिए उन्होंने कई साल तक पहले नौसेना और फिर सेना में काम किया। इस दौरान भी फिल्मी दुनिया में जाने की धुन उनके सिर से उतरी नहीं 1958 में आनंद बख्शी को पहला ब्रेक मिला।भगवान दादा की फिल्म भला आदमी के लिए उन्होंने चार गीत लिखे।फिल्म तो नहीं चली, लेकिन गीतकार के रूप में उनकी गाड़ी चल पड़ी।इसके बाद उन्हें फिल्में मिलती रहीं. काला समंदर, मेहंदी लगी मेरे हाथ जैसी फिल्मों के लिए उनकी थोड़ी-बहुत चर्चा होती रही।1965 में आनंद बख्शी के करियर ने एक बड़ी करवट ली।इसी साल उनकी दो फिल्में आई थीं-हिमालय की गोद में और जब-जब फूल खिले।इन दोनों फिल्मों ने उनकी लोकप्रियता को अचानक ही आसमान पर पहुंचा दिया।मैं तो एक ख्वाब हूं से लेकर परदेसियों से न अखियां मिलाना जैसे गाने हर जुबां की पसंद बन गए। इसके बाद तो आराधना, कटी पतंग, शोले, अमर अकबर एंथनी, हरे रामा हरे कृष्णा, कर्मा, खलनायक, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, ताल, गदर-एक प्रेमकथा और यादें तक चार दशक से भी ज्यादा समय तक वे अपने गीतों की फुहारों से लोगों के दिलों को भिगोते रहे।

# जयंती विशेष 21 जुलाई




**आनंद बख्शी** (21 जुलाई 1930 – 30 मार्च 2002) लोकप्रिय भारतीय कवि और फ़िल्मी गीतकार थे। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में है) में इनका जन्म हुआ था। 1947 में बटवारे में परिवार लखनऊ आ बसा।




# टेस्ट की एक पारी में 5 सबसे छोटे स्कोर

| टीम | स्कोर | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 26 | इंग्लैंड | 25 मार्च 1955 |
| वेस्टइंडीज | 27 | ऑस्ट्रेलिया | 12 जुलाई 2025 |
| साउथ अफ्रीका | 30 | इंग्लैंड | 13 फरवरी 1896 |
| साउथ अफ्रीका | 30 | इंग्लैंड | 14 जून 1924 |
| साउथ अफ्रीका | 35 | इंग्लैंड | 1 अप्रैल 1899 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **21.07.2025**


## परियोजना-आधारित शिक्षा

परियोजना-आधारित शिक्षा **(Project-Based Learning या PBL)** एक छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धति है जिसमें छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं या चुनौतियों पर आधारित परियोजनाओं के माध्यम से ज्ञान और कौशल प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह पारंपरिक शिक्षण विधियों से अलग है, जो छात्रों को जानकारी के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता के रूप में देखती है, जबकि **PBL** छात्रों को सक्रिय शिक्षार्थी बनाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**2,000 साल पुराना ये बाओबाब पेड़ सिर्फ विशाल नहीं, बल्कि जीवन का प्रतीक है। 30 फीट तक ऊँचा ये पेड़ अपने तने में पानी जमा करता है, सूखे में भी हरा रहता है और इंसानों व जानवरों को पानी, खाना और छाया देता है।**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
"
आरती लिए किसे ढूंढता है मूरख
मदिरो,राजप्रसादो में तहखानों में
देवता कहीं सड़कों पर गिट्टी तोड़ रहे
देवता मिलेंगे खेतों में खलिहानों में।
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी

# चंदू बोर्डे

को जन्मदिन की अनंत
शुभकामनाएं एवं बधाइयां।


21 जुलाई 1934



HAPPY BIRTHDAY!!

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कवि एवं गीतकार
आनंद बख्शी
की जयंती पर शत्-शत् नमन।
जन्म-21 जुलाई 1930 - मृत्यु-30 मार्च 2002
Madhu priya
www.teachersofbihar.org